करौली के खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी के लोह अयस्क ब्लॉकों की ई-नीलामी शुरु

'इच्छुक प्रतिभागी 15 मार्च तक एमएसटीसी पोर्टल से टैण्डर डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकेंगे'

जयपुर। राज्य के माइंस विभाग ने राजस्थान के करौली में आयरन ओर (लोह अयस्क) के 4 ब्लॉकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया शुरु करते हुए भारत सरकार के पोर्टल एमएसटीसी पर टेण्डर डाक्यूमेंट बिक्री के लिए उपलब्ध करा दिया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश और पहल पर खान विभाग ने पिछले दिनों ही करौली में हिण्डोन के पास करीब 1888 हैक्टेयर क्षेत्र में आयरन और ब्लॉकों के कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी शुरु की। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि करौली के हिण्डोन के पास खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी में आयरन ओर के 840 मिलियन टन से अधिक डिपोजिट के संकेत मिले हैं। राज्य सरकार द्वारा कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई-नीलामी की जाएगी। आयरन ओर के नए डिपोजिट्स से प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

करौली के खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी के लोह अयस्क ब्लॉकों की ई-नीलामी शुरु करने के लिये खान विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जो स्वयं खान मंत्री भी हैं, के मार्गदर्शन में नई सरकार बनते ही विभाग लगातार एक्शन मोड पर आ गया है। पहले 15 दिन का अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाया गया, वहीं मेजर और माइनर ब्लाकों व आरसीसी ईआरसीसी ठेकों की नीलामी जारी है। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि करौली के आयरन ओरब्लॉकों की ई-नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक प्रतिभागी 15 मार्च तक एमएसटीसी पोर्टल से टैण्डर डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकेंगे। देश-दुनिया में कहीं से भी ई-नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक प्रतिभागी 4 अप्रेल को मध्यान्ह एक बजे तक बिड प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके बाद 22 अप्रेल को डेडरोली, 23 अप्रेल को खोडा, 24 अप्रेल को लीलोटी और 25 अप्रेल को टोडुपुरा आयरन ओर ब्लॉक की ई-नीलामी होगी।

निदेशक खान भगवती लाल कलाल ने बताया कि विभाग द्वारा करौली आयरन ओर के चारों ब्लॉकों की ई-नीलामी का नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभागीय वेबसाइट और भारत सरकार के पोर्टल एमएसटीसी पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कलाल ने बताया कि विभाग मेजर और माइनर ब्लॉकों की ई-नीलामी का नया रेकार्ड कायम करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नीलामी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने से देश दुनिया में कहीं भी बैठा व्यक्ति भारत सरकार के ई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं।

- **आयरन ओर के नए डिपोजिट्स से प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे : खान सचिव आनंदी**

आरंभिक एक्सप्लोरेशन में आयरन ओर के मेग्नेटाइट और हेमेटाइट दोनों के ही संकेत मिले हैं। करौली के खोड़ा में 462.3 हैक्टेयर, डेडरोली में 754.38 हैक्टेयर, टोडुपुरा में 260.71 हैक्टेयर और लीलोटी में 410.94 हैक्टेयर क्षेत्र में आयरन ओर के डिपोजिट मिले हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार यहां आयरन ओर के 840 मिलियन टन से अधिक डिपोजिट है। यहां पर चुंबकीय प्रकृति के मेग्नेटाइट और नार्मल प्रकृति के हेमेटाइट आयरन ओर उपलब्ध है। आरएसएमईटी द्वारा ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार किये गये हैं।

कंपोजिट लाइसेंस के ऑक्शन से इस क्षेत्र में फर्दर एक्सप्लोरेशन से आयरन ओर के और अधिक डिपोजिट्स मिलने की संभावना है। करौली में आयरन ओर मिलने से आने वाले समय में प्रदेश में स्टील व सीमेंट उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। आयरन ओर से स्टील उद्योग के साथ ही कोल वाशिंग, फेरोअलॉय, फाउण्ड्रीज, सेरेमिक और सीमेंट उद्योग सहित अनेक उद्योगों को वर्षों तक कच्चा माल प्राप्त हो सकेगा व प्रदेश में इन उद्योगों में निवेश और नए उद्योग लगने के साथ ही रोजगार और आय के अवसर विकसित होंगे। राजस्थान में आयरन ओर संभावित डिपोजिट के लिए जयपुर, झुन्झुनू, भीलवाड़ा, सीकर, अलवर आदि में खनन और एक्सप्लोरेशन कार्य जारी हैं।

शादी के घर में रखे हुये 11 सिलेंडरों में ब्लास्ट



रतनगढ़ नगरपालिका की दमकल ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रतनगढ़, (निसं)। शादी की खुशियों में उस वक्त ग्रहण लग गया, जब घर में बने छप्परे में रखे सिलेंडरों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के बाद एक के बाद एक करके 11 सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। तेज धमाकों की आवाज के साथ ब्लास्ट हुए सिलेंडरों के चलते ग्रामीण दहशत में आ गए। सिलेंडर 500 से 700 फीट दूर जाकर गिरे।

सूचना पर मौके पर पहुंची रतनगढ़ नगरपालिका की दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना तहसील के गांव बीका की ढाणी की है। मामले के अनुसार बीका की ढाणी निवासी विद्याधर शर्मा के दो बेटे व एक बेटी की शादी चार व छह मार्च को है। घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थी तथा शादी में बनने वाली मिठाइयों व रसोई की तैयारियों के साथ-साथ बेटी को दहेज में दिए जाने वाले सामान की खरीदारी विद्याधर द्वारा कर ली गई थी। मजदूरी कर परिवार का लालन-पालन करने वाले विद्याधर शादी के काम से बाहर गया हुआ था तथा शादी में बनने वाली रसोई व बेटी को देने वाला सामान घर में बने एक छप्परे में रखा हुआ था। छप्परे में 11 भरे सिलेंडर भी रखे हुए थे। अज्ञात कारणों से छप्परे में आग लग गई।

घटना के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई तथा निजी साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान छप्परे में रखे सिलेंडर ने आग पकड़ ली और एक के बाद एक करके 11 सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। तेज धमाकों की गूंज से ग्रामीणजन दहशत में आ गए। हालांकि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन विद्याधर को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची रतनगढ़ नगरपालिका की दमकल ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

- **ब्लास्ट के चलते ग्रामीणों में दहशत, सिलेंडर 500 से 700 फीट दूर जाकर गिरे**
- **बीका की ढाणी निवासी विद्याधर शर्मा के दो बेटे व एक बेटी की शादी चार व छह मार्च को है**
- **घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन विद्याधर को लाखों रुपए का नुकसान**

पशुओं से भरे तीन ट्रक जब्त, तीन गिरफ्तार

पुलिस ने 71 पशु मुक्त कराए

धौलपुर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर पुलिस ने तीन अलग-अलग कार्रवाई कर पशुओं से भरे तीन ट्रकों को जब्त किया है।

पुलिस ने ट्रकों में ठूंस-ठूंस कर भरे हुए पशुओं को मुक्त कराकर तीन लोगों को पशु तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र की चंबल चेक पोस्ट पुलिस ने मध्य प्रदेश की ओर से आ रहे एक ट्रक को रुकवाकर चेक किया। ट्रक में 28 पशु भरे हुए थे। जिस पर पुलिस ने ट्रक चला रहे आरोपी लियाकत अली (49) पुत्र अल्लाह बख्श निवासी भामतीपुरा को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी कार्रवाई करते हुए चंबल चेक पोस्ट प्रभारी जलबीर सिंह ने ग्वालियर की ओर से आ रही केन्ट्रा गाड़ी से 36 पशुओं को मुक्त कराकर आरोपी सोनू (24) पुत्र बासिद कुरैशी निवासी कगारोल रोड आगरा को गिरफ्तार किया है। पशु क्रूरता को लेकर तीसरी कार्रवाई करते हुए सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान 1 मिनी ट्रक को जब्त कर उसमें से 7 पशुओं को मुक्त कराया है। पुलिस ने मौके से आरोपी अजीत (36) पुत्र करण सिंह निवासी ग्वालियर को गिरफ्तार किया है।

हादसे में एक की मौत, दो घायल

सादुलपुर, (निसं)। सिधमुख थाना अंतर्गत नीलगाय को बचाने के चक्कर में संतुलन बिगड़ने से पलटी कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो व्यक्ति घायल हो गए। सिद्धमुख थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि रामनिवास जाट निवासी रेजडी ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 28 फरवरी को करीब रात्रि 9 बजे उसका चचेरा भाई सोमवीर गांव बुंगी में एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए गया हुआ था तथा वापसी करीब 3 बजे लगभग अचानक से सिद्धमुख-भीमसाना के बीच उनकी कार के सामने एक नील गाय आ गई। जिसको बचाने के चक्कर मे कार का संतुलन बिगड़ गया और कार उछलकर पेड़ से टकरा गई तथा कार में सवार तीन लोग थे। तीनों को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सोमवीर निवासी रेजडी की मौत हो गई।

आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से फिर लगा झटका

जोधपुर, (कासं)। पोक्सो मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से फिर झटका लगा है।

आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट से सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सेहत के आधार पर सजा पर रोक लगाने की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम के वकील से कहा कि महाराष्ट्र के आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज की मांग राजस्थान हाईकोर्ट के सामने रखें। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम की आपराधिक विविध याचिका को 9 फरवरी को खारिज कर दिया था। आसाराम अपना इलाज महाराष्ट्र के आयुर्वेदिक अस्पताल से करवाना चाहता है। इसके लिए उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने आसाराम की जमानत नामंजूर कर दी थी। हाईकोर्ट ने आसाराम को एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स में इलाज कराने की परमिशन दी, लेकिन आसाराम आयुर्वेद इलाज के लिए ही अड़ा रहा। हाईकोर्ट के जस्टिस विनीत कुमार माथुर और दिनेश मेहता की बेंच ने उसकी याचिका खारिज कर दी थी।

- **सुप्रीम कोर्ट ने सेहत के आधार पर सजा पर रोक लगाने की याचिका पर विचार करने से इनकार किया**

जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद है आसाराम :- नौ जनवरी को आसाराम की तबीयत बिगड़ने के बाद जोधपुर एम्स में भर्ती करवाया गया था। 25 दिन इलाज के बाद छुट्टी दी गई। इसके बाद जोधपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने भी इस याचिका पर हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। यह पहली बार नहीं है, जब आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से निराशा हाथ लगी है। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट से उसको राहत नहीं मिली।

करोड़ों का मादक पदार्थ बरामद, तीन गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट की जिला पूर्व एवं पश्चिम पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम की कड़ी में रात को तीन जगहों से करोड़ों का मादक पदार्थ बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

विवेक विहार पुलिस ने कंटेनर में भारी मात्रा में अफीम का दूध, करोड़ों का अवैध डोडा-पोस्त जब्त कर चालक को पकड़ा और अन्य आरोपियों को नामजद किया है। वहीं रातानाडा पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा है। जबकि देवनगर पुलिस ने एमडी ड्रग के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर 14 लाख रूपए भी बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्तों से पुलिस इनके स्त्रोत का पता लगा रही है।

पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के दिशा निर्देश पर मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक श्रीवास्तव, डीसीपी वेस्ट राजेश यादव के सुपरविजन में टीमों को लगाया गया। रात को चल रही नाकाबंदी में विवेक विहार पुलिस थानधिकारी जितेंद्र सिंह ने एक कंटेनर को पकड़ करोड़ों अवैध डोडा-पोस्त एवं अफीम का दूध बरामद करने के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बता दें कि बासनी थानाधिकारी रहते जितेंद्रसिंह ने करोड़ों का अवैध डोडा पोस्त बरामद किया था। यह कार्रवाई जनवरी माह में की गई थी।

वहीं देवनगर थानाधिकारी भूटाराम के नेतृत्व में टीम ने एक व्यक्ति को यहां रेड देकर 30-40 ग्राम के बीच एमडी ड्रग को बरामद किया है। बताया गया कि आरोपी के पास से 13-14 लाख रूपए भी मिले हैं। जिस बारे में पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है। इधर रातानाडा थानाधिकारी प्रदीप डांगा के अनुसार मूलतः आसोप के गजसिंह पुरा हाल रातानाडा में किराए के कमरे में रहने वाले करणसिंह चौधरी को गिरफ्तार कर साढ़े छह ग्राम स्मैक बरामद की है।

- **कंटेनर में लादा गया था करोड़ों का अवैध डोडा-पोस्त, अफीम का दूध बरामद**
- **स्मैक, एमडी ड्रग के साथ 14 लाख रूपए भी बरामद, एक जने को गिरफ्तार किया**

हथियार सहित युवक गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने गुरुवार देर रात को वारदात करने की फिराक में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल भी बरामद की है। थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत ने बताया कि जिला स्पेशल टीम को सूचना मिली कि निजामपुर मोड़ के पास एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है तथा वह वारदात करने की फिराक में है। आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर एसपी प्रवीण नायक नूनावात ने विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। जब पुलिस की टीम निजामपुर मोड़ से खेतड़ी नगर जाने वाली सड़क पर पहुंची तो वहां हथियार लेकर घूम रहे युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास अवैध रूप से लाया गया पिस्टल मिला। जिस पर पुलिस ने कुड़ी की ढाणी तन बांसियाल निवासी लोकेश उर्फ शुटर पुत्र सुल्तान सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

करौली में आकाशीय गर्जना के साथ तेज बारिश हुई

एक साथ झमाझम बारिश होने से सड़कों पर पानी बह निकला

करौली, (नि.सं)। करौली जिला मुख्यालय सहित जिले में अधिकतर स्थानों पर एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम का मिजाज बदला और शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे आसमान में घने बादल छा गए। बादल इतने घने थे कि दिन में अंधेरा सा छा गया। चालक हेडलाइट जलाकर वाहन चलाते नजर आए। वही शाम को झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया।

करौली जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को तेज आकाशीय गर्जना के साथ रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ, जो देर तक जारी रहा। हल्की रिमझिम बारिश से क्षेत्र के तापमान में गिरावट आई और एक बार फिर सर्दी में इजाफा हुआ है। क्षेत्र में करीब 17 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल रही है। वहीं रात्रि 7:30 बजते ही आकाशीय गर्जना के साथ तेज सर्द हवाओं का दौर शुरू हो गया और एक साथ झमाझम बारिश पड़ने से सड़कों पर पानी वह निकला जिसके चलते बाजारों में एक साथ सन्नाटा सा पसर गया और शादी समारोह में खलल मच गया। मौसम विभाग ने आगामी एक-दो दिन बादल छाए रहने और हल्की बारिश की चेतावनी दी है।

करौली में बारिश होने से पानी बहता नजर आया।

बारिश से काटने के बाद खेतों में पड़ी फसल तथा पककर तैयार खड़ी फसल को नुकसान की संभावना है। कृषि विभाग ने किसानों से खेतों में कटी पड़ी फसल को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और भीगने से बचाने के इंतजाम करने की सलाह दी है। 3 मार्च से फिर मौसम साफ होने और आगामी चार-पांच दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केंद्र हिंडौनसिटी के डॉ. एम. के. नायक ने बताया कि हालांकि 2 दिन से क्षेत्र के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई है।

दो गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। भगत की कोठी पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के एक प्रकरण में दो मुल्जिमों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था। थानाधिकारी छतर सिंह ने बताया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी का केस गत साल दर्ज हुआ था। सोशल मीडिया पर बच्चों से संबंधित सामग्री ऑनलाइन डाली गई थी। इस प्रकरण में नामजद दो आरोपियों भगत की कोठी गंदा नाला के पास गांधी कॉलोनी निवासी जयसिंह और रामेश्वरनगर डी सेक्टर निवासी भरत चौधरी को गिरफ्तार किया।

खेत में गिरा रहस्यमयी गुब्बारा

रूपनगढ़, (निसं)। उपखंड के ग्राम करकेडी में शुक्रवार दोपहर बाद एक रहस्यमयी गुब्बारा गिरा। मिली जानकारी के अनुसार गुब्बारा एक किसान के फार्म हाउस के पास गिरा और गिरते ही फूट गया। गुब्बारे के साथ बंधा हुआ एक इलेक्ट्रिक स्टार्टर साइज का बॉक्स गिरा। ग्रामीणों ने गुब्बारे को देखने के बाद उसे छूने से परहेज किया। गुब्बारे के गिरने से किसी प्रकार की हानि नहीं हुई है।

धोलीपाल गांव के सरपंच का नहर में मिला शव

संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार को घर से गायब हुआ था सरपंच

हनुमानगढ़, (निसं)। संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार को घर से गायब हुए गांव धोलीपाल के सरपंच का शव शुक्रवार को गांव गुरुसर मोडिया के निकट एमओडी नहर से बरामद कर लिया गया। सदर थाना पुलिस ने शव को जिला अस्तपाल की मोर्चरी पहुंचाया। मृतक के पेट पर चोट के निशान मिले हैं। इसके आधार पर परिजन हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवा रही थी।

पुलिस के अनुसार मृतक के परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। मामले की हर पहलु से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट तौर पर पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम सदर थाना पुलिस को सूचना मिली कि धोलीपाल के सरपंच महावीर मूंड पुत्र काशीराम मूंड लापता है। वे पंजाब के गांव अचड़की स्थित अपने पेट्रोल पम्प से कार में सवार होकर गांव धोलीपाल के लिए निकले थे। मगर घर नहीं लौटे तथा मोबाइल फोन पर भी कोई जवाब नहीं मिल रहा है। परिजन उनकी तलाश में जुटे हुए थे। इस बीच गुरुवार शाम सूचना मिली कि सरपंच की कार जंक्शन थाना क्षेत्र के गांव चिश्तियां के नजदीक एमओडी नहर के किनारे खड़ी है। कार में चाबी लगी हुई थी। सरपंच का मोबाइल फोन भी कार में रखा हुआ था। सूचना मिलने पर जंक्शन पुलिस, सदर थाना पुलिस, परिजन व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सरपंच के नहर में गिरने की आशंका के कारण देर रात तक नहर के किनारों पर निगरानी रखकर सरपंच की तलाश की गई, गोताखोर बुलाए गए।

- **प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का होने की बात सामने आई**

गोताखोरों ने करीब तीन किलोमीटर तक नहर खंगाली। इसके बाद अंधेरा अधिक होने के कारण सर्च अभियान बंद कर दिया। शुक्रवार सुबह सरपंच का शव गांव गुरुसर मोडिया के नजदीक एमओडी नहर से बरामद हो गया। वहां से शव को हनुमानगढ़ लाया गया। प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का होने की बात सामने आई। यद्यपि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

एम.बी.एम. इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर पर लगाए गये आरोप सही निकले

आरोपों को कमेटी ने सही माना था, रातानाडा थाने में केस दर्ज, जांच शुरू

जोधपुर, (कासं)। शहर के मगनीराम बांगड़ मेमोरियल इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी का एक प्रोफेसर लड़कियों के कपड़ों को लेकर गंदे-गंदे कमेंट करता था। रात में लॉन्ग ड्राइव-शराब पार्टी में चलने के लिए मैसेज भी करता था। उसकी बातों को नहीं मानने वालों को धमकाता भी था। कहता था कि तुम मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ पाओगे। छात्राओं से छेड़खानी को लेकर बनी कमेटी ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। छात्राओं की ओर से प्रोफेसर पर छेड़खानी और यौन शोषण के आरोप लगाए गए थे। इन आरोपों को कमेटी ने सही माना था।

विवि छात्र- छात्राओं की तरफ से इस बारे में रातानाडा थाने में गत दिनों लिखित में परिवाद दिया गया था। इस पर अब प्रोफेसर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच एसआई भंवरसिंह की तरफ से की जा रही है।

कुलपति अजय कुमार शर्मा ने कमेटी की ओर से दी रिपोर्ट को लेकर कहा कि सभी आरोप सत्य पाए गए हैं। छात्राओं की शिकायत में सत्यता है। आरोपी प्रोफेसर को पिछले शुक्रवार को ही सस्पेंड कर दिया गया था। गत 21 फरवरी को एक गुमनाम शिकायती लेटर मिलने के बाद मामले की जांच प्रोफेसर जयश्री वाजपेयी की अध्यक्षता में बनी लैंगिक उत्पीड़न कमेटी को सौंपी गई। इसमें 8 प्रोफेसर को शामिल किया गया। तीन दिन में आई अंतरिम रिपोर्ट में प्रोफेसर पर आरोप सही माने गए। छात्रों के बयान और जांच रिपोर्ट में सामने आया कि प्रोफेसर क्लास के अंदर और बाहर आते-जाते लड़कियों पर बुरी नजर रखता था।

- **छात्राओं से छेड़खानी को लेकर बनी कमेटी ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी**

इस दौरान वह उनके कपड़ों पर भी कमेंट करता था। इतना ही नहीं स्टूडेंट ने बैड टच का आरोप लगाया था। कमेटी की अंतरिम रिपोर्ट में सामने आया कि प्रोफेसर उन्हें गलत तरीके से टच करने के साथ ही हाथ पकड़ लेता था। कई बार बैड टच कर टॉर्चर करता था। सामने आया कि प्रोफेसर रात के समय घर या होटल पर शराब पार्टी करने के लिए बुलाता था। लड़कियों को यह भी कहता था कि मैंने तुम्हें पूरी छूट दे रखी है आप जो मर्जी कर लो। जो लड़कियां उनकी बात मानती थी उन्हें प्रोजेक्ट नहीं जमा करवाने की भी छूट दे देता था। बात नहीं मानने वाले लड़कियों को टॉर्चर करता था। प्रोफेसर लड़कियों पर इतना दबाव बना चुका था कि जैसा वह कहता था, लड़कियां वैसा करती थी। कमेटी को एक लेटर भी मिला जिसमें सामने आया कि प्रोफेसर क्लास की लड़कियों को लॉन्ग ड्राइव पर चलने के लिए दबाव बनाता था। कहता था कि जो उसके साथ लॉन्ग ड्राइव पर चलेगी उसे प्रैक्टिकल में ज्यादा नंबर मिलेंगे।

जांच में पता चला कि नंबर कम देने और फेल होने के डर से कई बार लड़कियां उसके साथ चली जाती थी। इसी का फायदा उठाकर कर वह उन्हें गलत टच भी करता था। इधर, ऐसी शिकायत सामने आने के बाद कुलपति ने और भी स्टूडेंट्स को खुलकर इस मामले में बोलने के लिए कहा है ताकि कड़ा एक्शन लिया जाए।